Problems of Workers of Border Roads Organisation

@362. SHRI A. NALLASIVAN: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government have received a letter dated the 27th October, 1989 from the Secretary, Centre of Indian Trade Unions regarding the problems of Workers of Border Roads Organisation (BRO) of Jammu Region;

(b) if so, what are the details there of; and

(c) what action has been taken by Government in this matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (DR. RAJA RAMANNA): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Besides expressing apprehension regarding the termina, tion of services of some of the BRO employees in the Jammu Region, the said letter referred to in answer to (a) above) urged the following issues:

(i) Continuing the services of casual workers for long periods, with a break in service after every 6 months.

(ii) Besides payment of wages, no facilities are made available to these Casual workers.

(Hi) Irregular deduction of two days wages during the Parliamentary Elections in November, 1989.

Insofar as the period of employment of casual workers is concerned, it is to be clarified that they are employed on "as required basis".

Apart from daily wages, the causal workers engaged by the BRO are entitled to basic items of ration, clothing, medical treatment upto 3 weeks at a time, out of ptocket allowance of Rs. 6|- per head per day for journey periods from place of recruitment to works sites, and warming aids at high altitudes. These workers are also entitled to compensation as per Workmens' Compensation Act.

The casual workers were allowed to observe an unpaid holiday for polling on the 24th November, 1989 with the proviso that this shall be treated &s a working day for computation of 6 working days immediately preceding the day of rest. The Audit has, however, not admitted the claim and had deducted two days wages. This matter is being enquired into.

In December, 1989, 41 casual workers in BRO's Western Base Workshop, Pathankot, were disengaged on account of reduced requirement of work, as per the targets fixed. However, about 250 casual workers at Pathankot are reported to have left work on their own.

सरकारी क्षेत्र के उद्यमों में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के पदों पर नियुक्तियां

@@363. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा : श्री राम जेठमलानी :**

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत छः महीनों के दौरान सरकारी क्षेत्र के विभिन्न उद्यमों में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के पद पर अनेक नियुक्तियां की गई हैं ;

(ख) यदि हां, तो उन उद्यमों के नाम क्या हैं और क्या इन उद्यमों मे पहले से कार्य कर रहे अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशकों का कार्यकाल गत छः महीनों के दौरान समाप्त हो गया था ;

(ग) यदि नहीं, तो उन्हें उनका कार्यकाल समाप्त होने से पूर्व कार्य मुक्त करने के क्या कारण थे ; और

(घ) इन पदों पर नये व्यक्तियों को नियुक्त करने के लिए क्या मानदण्ड निर्धारित किया गया है ?

©Previously Unstarred Question No. 82, transferred from 2-5-90.

@@पूर्वतः अतारांकित प्रश्न संख्या 33, 3

प्रधान मंत्री (श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह) : (क) जी, हां।

(ख) और (ग) उपलब्ध सूचना के अनुसार एक सूची तैयार की गई है तथा यह विवरण के रूप में संलग्न है। **(नीचे देखिए)** कुछ अधिकारियों का कार्यकाल समाप्त हो गया था तथा कुछ अधिकारियों ने अपने पदों से त्यागपत्र दे दिए हैं।

(घ) सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशकों के पदों पर नियुक्तियां लोक उद्यम चयन बोर्ड की सिफारिशों पर की जाती हैं। लोक उद्यम चयन बोर्ड दिनांक 3-3-1987 के भारत सरकार के संकल्प संख्या 27(21)-ई. ओ./86 (ए० सी० ई०) में निर्धारित की गई चयन नीति को ध्यान में रखता है। संकल्प की एक प्रति अनुपत्र में दी गई है। **[देखिए परिशिष्ट, 154, अनुपत्र सं. 25]**

विवरण

क्रम सं०	सार्वजनिक क्षेत्र का नाम तथा पदनाम	अभ्युक्तियां
1.	अध्यक्ष तथा प्रबन्ध निदेशक, इंडियन रेयर अर्थ लि०	वर्तमान पदधारी का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है।
2.	अध्यक्ष तथा प्रबन्ध निदेशक, हिन्दुस्तान इन्सेक्टिसाइड्स लि.	–यथोपरि–
3.	अध्यक्ष तथा प्रबन्ध निदेशक, हिन्दुस्तान टेलिप्रिन्टर्ज लि.	पूर्व पदधारी का कार्यकाल समाप्त हो गया है।
4.	अध्यक्ष तथा प्रबन्ध निदेशक, भारतीय व्यापार मेला प्राधिकरण	पूर्व पदधारी ने त्यागपत्र दे दिया है।
5.	अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक, मिश्र धातु निगम लि.	अंश-कालिक अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त हो गया है।
6.	अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, भारत एल्युमिनियम कम्पनी लि.	वर्तमान पदधारी का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है।
7	अध्यक्षतथा प्रबन्ध निदेशक, नाथपा झाकरी हाइड्रो इलैक्ट्रिक पावर कारपोरेशन लि.	नया पद
8	अध्यक्ष तथा प्रबन्ध निदेशक, नेशनल साइकिल कारपोरेशन लि.	वर्तमान पद-धारी का कार्यकाल समाप्त हो गया है।
9	अध्यक्ष तथा प्रबन्ध निदेशक, एच. एच. ई. सी.	पूर्व पदधारी का कार्यकाल समाप्त हो गया है।
10	अध्यक्ष तथा प्रबन्ध निदेशक, हुडको	वर्तमान पदधारी का कार्यकाल समाप्त हो गया है।
11	अध्यक्ष तथा प्रबन्ध निदेशक, इंजीनियर्स इंडिया लि.	पूर्व पदधारी का कार्यकाल समाप्त हो गया है।
12	अध्यक्ष तथा प्रबन्ध निदेशक, हिन्दुस्तान प्रिपेड लि.	पूर्व पदधारी का कार्यकाल समाप्त हो गया है।
13	अध्यक्ष तथा प्रबन्ध निदेशक, मारुति उद्योग लि.	अंश-कालिक अध्यक्ष ने त्यागपत्र दे दिया है।